राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

3 और 4 दिसम्बर को हर पोलिंग स्टेशन पर लगेगा शिविर, मतदाता सूची में दर्ज करवा सकेंगे नाम

चंडीगढ़, 1 दिसम्बर (राजिंद्र शर्मा) : शहर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय नामदेवराव जड़े ने वीरवार को अधिकारियों व सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी विनय प्रताप सिंह और संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौरभ अरोड़ा भी उपस्थित थे।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 17 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी नागरिकों के एडवांस में ही एप्लीकेशन भरी जानी चाहिए, ताकि समय आने पर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कर सकें। इसके अलावा एक जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्तूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नागरिकों के नाम भी मतदाता सूची में दर्ज करने के उन्होंने निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि योग्य लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

सभी राजनीतिक पार्टियों से आग्रह किया कि वह अपने पोलिंग एजेंट को बूथों पर तैनात करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक किया जा सके।

बताया कि 3 और 4 दिसम्बर को हर पोलिंग स्टेशन पर एक खास शिविर लगने जा रहा है, जिसमें अगले साल के लिए बनने वाले मतदाता सूची में लोग अपना नाम देख सकेंगे व साथ ही पहले से दर्ज नामों को मतदाता चैक भी कर सकते हैं। शहर के लोग शिविर में जा सकते हैं। साथ ही राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल www.nvsp.in व ceochandigarh.gov.in पर ऑनलाइन भी आवेदन भी कर सकते हैं।